प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में **राष्ट्रीय बाल पुरस्कार**' प्रदान करेंगी।
- प्रदेश में सरकारी और निजी विश्वविद्यालय की ओर से जारी की जाने वाली डिग्री, डिप्लोमा, मार्कशीट और माइग्रेशन सर्टिफिकेट पर अब क्यू आर कोड लगाना अनिवार्य होगा।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आज जोधपुर दौरे का कार्यक्रम–**पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव** में शामिल होंगे।
- प्रदेश में सर्द हवाओं से मौसम का मिज़ाज बदला–आज कई स्थानों पर शीतलहर का अलर्ट।

........................

आज वीर बाल दिवस है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में **राष्ट्रीय बाल पुरस्कार**' प्रदान करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय के अनुसार इस साल 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को ये सम्मान प्रदान किया जायेगा। इन्होंने बहादुरी, खेल और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की हैं।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वीर बाल दिवस के राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं को संबोधित करेंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले इस कार्यक्रम में बच्चों की बहादुरी, दृढ़ता और निःस्वार्थ सेवा की कहानियों को उजागर किया जाएगा। कार्यक्रम में देश की समृद्ध विरासत और वीरता की भावना को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। वीर बाल दिवस, गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबज़ादे बाबा ज़ोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के वीरतापूर्ण बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनवरी 2022 में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दौरान हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी।
बाल दिवस के मौके पर प्रदेश में भी प्रभात फैरी सहित विभिन्न आयोजन रखे गये है।

........................

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में **आतंकवाद रोधी सम्मेलन** का उद्घाटन करेंगे। गृह मंत्रालय ने कहा है कि दो दिन के इस सम्मेलन में आतंकवाद से उत्पन्न खतरों पर विचार विमर्श किया जायेगा। इसके साथ ही सैन्य बलों, तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञों तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले बिन्दुओं पर भी चर्चा होगी। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए औपचारिक और अनौपचारिक चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल बनाना है।

........................

प्रदेश में सरकारी और निजी विश्वविद्यालय की ओर से जारी की जाने वाली डिग्री, डिप्लोमा, मार्कशीट और माइग्रेशन सर्टिफिकेट पर अब अनिवार्य रूप से क्यूआर कोड लगाया जायेगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग के आग्रह पर सरकार ने फर्जी डिग्रियों और दस्तावेज के जरिये नौकरी देने वाले गिरोहो पर अंकुश लगाने के लिए ये कदम उठाया है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि भर्ती प्रकियाओं के दौरान दस्तावेज में गडबडी के मामले सामने आते है। इनकी जांच में लम्बा समय लग जाता है। क्यू आर कोड होने से एक ही क्लिक से दस्तावेज की पुष्टि हो सकेगी। संबंधित विश्वविद्यालय के मूल रिकॉर्ड से सीधे ही ये पुष्टि की जा सकेगी और किसी भी प्रकार की विसंगति को तुरंत पकडा जा सकेगा। नई व्यवस्था से पारदर्शिता बढेगी और भर्ती प्रक्रिया में तेजी आयेगी।

........................

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन आज से बालोतरा में शुरू हो रहा है। तीन दिन के इस अधिवेशन में देश के विभिन्न भागों से चार हजार से अधिक अधिवक्ता भाग लेंगे। हमारे संवाददाता बंशीलाल ने बताया कि सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट और देश के विभिन्न हाईकोर्ट के जज,

वरिष्ठ विधि अधिकारी तथा कानून जगत की अनेक हस्तियां शामिल होंगी। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उद्घाटन समारोह में शिरकत करेंगे।

.........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आज जोधपुर दौरे का कार्यक्रम है। श्री शर्मा पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। ये उत्सव रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले कल सुशासन दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में श्री शर्मा ने जयपुर में अटल काव्य स्मारक और अटल लोकतंत्र उपवन बनाये जानेकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये स्मारक मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में बनाया जायेगा। इसमें ई लाईब्रेरी सहित कई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से लोगों तक श्री वाजपेयी के विचारों को जीवंत रखने में सहायता मिलेगी।

.....

.........................

रेलवे का संशोधित किराया आज से बुक किये गये टिकिटों पर लागू होगा। पहले से बुक किये गये टिकिटों पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। भले ही यात्रा प्रभावी तिथि के बाद की जाये। रेल्वे ने उपनगरीय सेवाओं और सीज़न टिकटों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया है। सामान्य द्वितीय श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए किराए में कोई बढोतरी नहीं की गई है। 216 से साढे सात सौ किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराए में पांच रुपये बढाये गये है। इसके अलावा, 751 से 1250 किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराए में 10 रुपये, 1251 से सत्रह सौ 50 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 15 रुपये और 1751 से 2250 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 20 रुपये की बढोतरी की गई है। तेजस **सहित प्रमुख रेलगाडियों** के मौजूदा मूल किरायों को स्वीकृत श्रेणीवार मूल किराया वृद्धि के अनुरूप संशोधित किया गया है। रेल मंत्रालय ने कहा कि आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट सरचार्ज या अन्य शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है और ये सभी मौजूदा नियमों के अनुसार ही लागू रहेंगे।

.........................

प्रदेश में सर्द हवाओं से मौसम का मिज़ाज बदल गया है। उत्तरी हवाओं के प्रभाव से कई स्थानों पर सर्दी का असर तेज हो गया है। मौसम विभाग ने आज चूरू, झुंझुनूं, नागौर, सीकर, अलवर, भरतपुर, दौसा, करौली और धौलपुर सहित कुछ स्थानों पर शीतलहर का असर जारी **रहने की संभावना व्यक्त की है।** कई स्थानों पर तापमान में 5 से 7 डिग्री की गिरावट **आई है**। झुंझुनूं से हमारे संवाददाता ने बताया कि ठण्डी हवाओं ने गलन बढा दी है।

.....

पाली में खुले स्थानों पर आज कई जगह ओस जमी नजर आई। करौली में भी सुबह शाम ठिठुरन का एहसास होने लगा है। हालांकि दिन के समय धूप से सर्दी से राहत बनी हुई है। जिला प्रशासन की ओर से जरूरतमंदों के लिए रेन बसेरों की भी व्यवस्था की जा रही है।

.........................

भरतपुर में एक सड़क हादसे में कल शाम दो लोगों की मृत्यु हो गई और एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना पंजाबी का नगला के पास कार और मोटरसाईकिल की टक्कर में हुई, जिसमें मोटरसाईकिल सवार मां और बेटे ने मौके पर ही दम तोड दिया। वहीं घायल युवक को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है।

.........................